तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शनिवार 6 दिसंबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



14 आनंदगांव, हसदा व टकसीवा सोसायटी में तौल में ....





13 ठंडी हवाओं का असर...बढ़ रहे सर्दी, खांसी व बुखार...




## खबर संक्षेप

### शराब पीकर स्कूल आने पर प्रधान पाठक निलंबित

**बेमेतरा।** जिले के विकासखण्ड बेमेतरा अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला बहुनवागांव में पदस्थ प्रधान पाठक विमल कुमार के विरुद्ध कर्तव्य में घोर लापरवाही और अनुशासनहीनता की शिकायत प्राप्त होने पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई है। संकुल समन्वयक, संकुल केन्द्र बावामोहतरा द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन में यह पाया गया कि 05 दिसंबर 2025 को प्रधान पाठक शराब का सेवन कर नशे की हालत में शाला में उपस्थित हुए थे। ग्रामवासियों, शाला के शिक्षकों तथा छात्रों द्वारा दिए गए बयान में भी यह पुष्टि हुई कि प्रधान पाठक द्वारा अक्सर नशे की अवस्था में शाला आने एवं समय से पूर्व शाला से चले जाने जैसी गंभीर अनियमितताएँ की जा रही थीं। जांच में यह तथ्य भी सामने आया कि शराब सेवन कर शाला परिसर में उपस्थित रहने का एक वीडियो व्हाट्सएप में वायरल हुआ है, जो अत्यंत अनुचित एवं शिक्षक की मर्यादा के विरुद्ध है। साथ ही, शाला आने–जाने का कोई नियत समय पालन न करने की शिकायतें भी मिलीं। प्राप्त तथ्यों एवं जांच प्रतिवेदन को गंभीरता से लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। जिला शिक्षा अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि शिक्षा व्यवस्था की गरिमा, बच्चों के भविष्य और विद्यालयीन अनुशासन से कोई भी समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन द्वारा ऐसे मामलों में आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### धान खरीदी : बफर लिमिट से कई गुना अधिक धान फड़ों पर

# जिले की धान खरीदी संकट में, 20 दिन में 1.65 लाख मीट्रिक टन का रिकॉर्ड स्टॉक, उठाव शून्य

अमीन पप्पू रवानी/शुभम दुबे ▶▶| बेमेतरा

खास खबर

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में बेमेतरा जिले में धान खरीदी शुरू हुए पूरे 20 दिन बीत चुके हैं और जिलेभर के किसानों ने रिकॉर्ड संख्या में धान की आवक दी है। केंद्रों पर खरीदी का ग्राफ प्रतिदिन तेजी से ऊपर चढ़ रहा है, लेकिन इसी के उलट धान उठाव का ग्राफ शून्य पर अटका हुआ है, जिससे जिलेभर की खरीदी व्यवस्था के सामने एक बड़ा संकट खड़ा हो गया है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के नोडल अधिकारी के अनुसार, गुरुवार तक जिले में 1,65,894.08 मीट्रिक टन धान खरीदा जा चुका है, जो अनुमानित लक्ष्य का महत्वपूर्ण हिस्सा है। लेकिन इतने बड़े स्टॉक में से एक भी बोरी का उठाव अब तक नहीं हो सका है। तेजी से हुई खरीदी का यह परिणाम हुआ है कि कई उपार्जन केंद्रों पर स्टॉक बफर लिमिट से 2 गुना से अधिक भर चुका है। जहां 1,000 टन की क्षमता थी, वहां 2,000–2,200 टन तक, स्टॉक कई फड़ खुले में बनाए गए सिर्फ तिरपाल के सहारे, स्थायी शेड न होने से 60–70 प्रतिशत धान मौसम के भरोसे पड़े है। कर्मचारियों के अनुसार, यदि अगले सप्ताह भी उठाव शुरू नहीं होता तो धान रखने के लिए जगह खत्म हो जाएगी।

### तिरपाल के नीचे करोड़ों का धान

हरिभूमि टीम ने मौके पर देखा कि बेमेतरा जिले के कई केंद्रों में धान इस समय, खुले आसमान के नीचे, पुराने या फटे तिरपालों के नीचे, कच्चे फड़ पर बिना सुरक्षा घेरे के रखा जा रहा है। इस बीच मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में, हल्की बारिश, कोहरा और रात के समय नमी बढ़ने की चेतावनी जारी की है। धान की गुणवत्ता विशेषज्ञों का कहना है कि तिरपाल के नीचे रखा धान कोहरे और नमी से सबसे तेज खराब होता है। दाने जल्दी काले पड़ते हैं, वजन घटता है और कटौती 8–12 प्रतिशत तक बढ़ सकती है। यानि कि किसानों की करोड़ों रुपये की उपज सीधा जोखिम में है।

## बफर लिमिट 100%, स्टॉक 200% से अधिक





### मेहनत खतरे में है, अधिकारी सिर्फ कागज चला रहे हैं

20 दिन लगातार धान लेकर केंद्रों में पहुँच रहे किसानों के धैर्य का बांध अब टूटने लगा है। किसानों का कहना है धान की सुरक्षा की गारंटी प्रशासन नहीं दे पा रहा। जब खरीदी शुरू करने की घोषणा हुई थी, तब उठाव की तैयारी क्यों नहीं हुई? हमारी मेहनत खुली सड़क पर रखी जा रही है यह कैसी योजना? एक किसान ने गुस्से में कहा की बारिश आई तो हमारा धान खराब होगा। भुगतान कटेगा। और अधिकारी कहेंगे गुणवत्ता गिर गई। गलती किसकी है?

### केंद्र कर्मचारी भी बेहद दबाव में कितना धान और कहां रखें?

एक केंद्र प्रभारी ने दबी आवाज में कहा की हम लोग एक-एक तिरपाल जोड़कर स्टैकिंग कर रहे हैं। जगह पूरी तरह भर चुकी है। ट्रक नहीं आ रहे, निर्देश नहीं आ रहे, ऊपर से रोजाना किसानों की लाइन बढ़ रही है। कई केंद्रों ने अनौपचारिक रूप से जिला कार्यालय को सूचना दी है कि समुचित सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध नहीं, तिरपाल कम, मजदूरों की कमी और स्टॉक की निगरानी मुश्किल हो रही है। अधिकारी मानते हैं कि यदि 3-4 दिन में उठाव प्रारंभ नहीं हुआ तो अधिकांश केंद्र पूर्ण क्षमता पर पहुंचेंगे, नए धान की आवक रोकनी पड़ेगी जिससे किसानों को वापस लौटना पड़ेगा फिर विवाद और अव्यवस्था बढ़ सकती है। विशेषज्ञों का कहना है उठाव शून्य रहने से खरीदी पर सीधा संकट आ जाएगा। यह समूची प्रक्रिया के लिए सबसे बड़ा खतरा है। जिले में धान खरीदी अभूतपूर्व गति से चल रही है, लेकिन स्टोरेज, शेड, तिरपाल, उठाव, और प्रशासनिक समन्वय हर मोर्चे पर व्यवस्थाएं बुरी तरह पिछड़ती नजर आ रही हैं। यदि उठाव अगले कुछ दिनों में भी शुरू नहीं हुआ तो किसानों की मेहनत और करोड़ों का धान प्राकृतिक जोखिम में फँस सकता है।

# एसआईआर कार्य तेजी से पूर्णता की ओर, पैरामीटर 100 प्रतिशत के करीब



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ प्रशासन ने जारी की जिले में एसआईआर प्रगति रिपोर्ट

जिले भर में चल रहे एसआईआर स्टेटस रिपोर्ट के अनुसार जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों नवागढ़, बेमेतरा और साजा में बीएलओ प्रशिक्षण, फॉर्म प्रिंटिंग, वितरण से लेकर डिजिटाइजेशन तक सभी चरणों में उत्कृष्ट प्रदर्शन दर्ज किए जाने की बात सामने आ रही है । जिला प्रशासन के बताए गए रिपोर्ट के मुताबिक जिले में कुल 870 बीएलओ नियुक्त हैं जिससे कार्य को गति मिली है। जिले के कुल 8, लाख 01,756 मतदाताओं के लिए आवश्यक सभी इलेक्ट्रोर फॉर्म का 100 प्रतिशत प्रिंटिंग कार्य पूरा हो चुका है। वितरण का आंकड़ा भी लगभग सौ फीसदी तक पहुँच चुका है, जहाँ अब तक 8,01,755 फॉर्म वितरित किए जा चुके हैं। जिला प्रशासन की ओर से दी गई जानकारी अनुसार डिजिटाइजेशन कार्य में भी जिला बेमेतरा प्रदेश में अग्रणी स्थिति में है। कुल 8,01,751 फॉर्म का डिजिटलीकरण पूरा होने के साथ यह आंकड़ा भी 100 प्रतिशत के निकट पहुँच गया है। मतदान केंद्र स्तर पर किए जा रहे मूल्यांकन में 859 केंद्रों ने 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूर्ण कर लिया है, जबकि सिर्फ 3 मतदान केंद्र ऐसे हैं जहाँ 99–99.99 प्रतिशत कार्य शेष है । मतदाताओं द्वारा जमा किए गए फॉर्म की संख्या 62 है तथा जिले में कोई भी फॉर्म असंग्रहित नहीं है, जो दर्शाता है कि बीएलओ और क्षेत्रीय टीमों द्वारा घर-घर संपर्क अभियान प्रभावी रहा है।

### समन्वय बनाकर तेजी और दक्षता से कार्य किया

प्रशासन यह भी कहा है कि एसआईआर कार्यों की यह स्थिति बताती है कि जिला प्रशासन, बीएलओ और निर्वाचन टीम ने समन्वय बनाकर तेज़ी और दक्षता से कार्य किया है। सभी विधानसभा क्षेत्रों में लगभग सभी पैरामीटर तय लक्ष्य के अनुरूप प्राप्त हो चुके हैं, जिससे बेमेतरा जिला आगामी निर्वाचन तैयारी में एक मजबूत और व्यवस्थित स्थिति में खड़ा है।

# पालिका कर्मचारी से मारपीट, विरोध में कर्मचारियों ने किया काम बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ भाजपा नेता और कर्मचारी दोनों पर काउंटर केस दर्ज

नगर पालिका के कर्मचारी से मारपीट गाली गलौज से गुस्साए कर्मचारी कामबंद कर सैकड़ों कर्मचारी थाने पहुंचे जहां भाजपा नेता गोलू कोशले के ऊपर नपा कार्यालय के अंदर घुसकर मारने का आरोप लगाया ओर एफआईआर दर्ज किए जाने की मांग करते घंटों थाने में डटे रहे। दूसरी ओर भाजपा नेता गोलू कोशले ने भी कर्मचारी सनत सिन्हा के द्वारा कालर पकड़कर मारपीट का आरोप लगाया। जिसके उपरांत पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ कार्रवाई करते काउंटर केश बनाया। मिली जानकारी के अनुसार दोनों पक्षों के बीच पानी सप्लाई को लेकर विवाद उत्पन्न होना बताया जा रहा है। भाजपा नेता गोलू कोशले नगर पालिका पहुंचकर पानी टैंकर वार्ड नंबर 10 में नहीं पहुंचे पर आक्रोशित थे ओर इस पर प्रभारी जलप्रदाय नपा कर्मचारी सनत सिन्हा से जानना चाहा कि पानी टैंकर मांग के


▶▶ शेष पेज 13 पर




# ग्राम बरगा में बुनियादी महापरीक्षा की तैयारी तेज





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ असाक्षरों को प्रवेश पत्र वितरण, जनजागरूकता रैली से गूंजा ग्रामीण क्षेत्र

शासकीय प्राथमिक शाला बरगा में राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान एफएलएन एटी महापरीक्षा की तैयारियों को लेकर व्यापक अभियान संचालित किया गया। आगामी 7 दिसंबर, रविवार को होने वाली परीक्षा के लिए सभी पंजीकृत असाक्षरों को प्रवेश पत्र वितरित किए गए। ग्राम प्रभारी एवं प्रधान पाठक कन्हैया लहरे ने बताया कि ग्राम बरगा में पूर्व में 44 असाक्षरों का सर्वे किया गया था, जिनमें से 15 असाक्षर परीक्षा देकर उत्तीर्ण हो चुके हैं। इस वर्ष पुनः 16 नए असाक्षरों का सर्वे किया गया है तथा पूर्व के शेष 29 असाक्षरों को मिलाकर कुल 45 परीक्षार्थी इस बार महापरीक्षा में सम्मिलित होंगे। संस्था द्वारा परीक्षा संबंधी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। प्रवेश


▶▶ शेष पेज 13 पर


### जिला चिकित्सालय में अभियान के तहत पुरुषों की बढ़ रही सहभागिता

# 20 पुरुष हितग्राहियों ने कराया नसबंदी ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के निर्देशानुसार जिले में पुरुष नसबंदी पखवाड़ा 21 नवंबर से 4 दिसंबर तक आयोजित किया गया। जिले में पुरुषों की परिवार नियोजन में सहभागिता बढ़ाने एवं नसबंदी से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने के उद्देश्य से यह विशेष अभियान संचालित किया गया। पूरे जिले में व्यापक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम एवं प्रचार-प्रसार गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इस दौरान सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. लोकेश साहू ने पूरे अभियान की निगरानी की। इस वर्ष पुरुष नसबंदी पखवाड़ा का थीम "स्वस्थ एवं खुशहाल परिवार पुरुष सहभागिता से ही होगा यह सपना साकार" रखा गया था, जिसके तहत जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पुरुषों को परिवार नियोजन के महत्व, नसबंदी की सुरक्षा एवं इसके लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई। अभियान के दौरान जिला स्वास्थ्य विभाग, सभी बीएमओ, बीपीएम, स्वास्थ्य केंद्र प्रभारियों एवं मितानिनों ने घर-घर जाकर हितग्राहियों से संपर्क किया तथा पुरुष नसबंदी की सुरक्षित और सरल प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। इनके प्रयासों से 22 पुरुष हितग्राहियों ने स्वेच्छा से नसबंदी ऑपरेशन के लिए सहमति दी और उनका पंजीयन किया गया। 4 दिसंबर सभी 22 हितग्राहियों को जिला चिकित्सालय बेमेतरा में ऑपरेशन


▶▶ शेष पेज 13 पर




#### परिवार नियोजन में पुरुषों की बढ़ती जागरूकता का संकेत

पुरुष नसबंदी पखवाड़ा के सफल संचालन से यह स्पष्ट होता है कि जिले में पुरुषों की परिवार नियोजन के प्रति सोच सकारात्मक हो रही है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, मितानिनों और बीएमओ की सक्रियता से लोगों में जागरूकता बढ़ी है और नसबंदी से जुड़े मिथक व भ्रांतियाँ काफी हद तक दूर हुई हैं। बेमेतरा जिले में इस अभियान की सफलता न केवल स्वास्थ्य विभाग के संगठित प्रयासों का परिणाम है, बल्कि स्वस्थ और खुशहाल परिवार निर्माण की दिशा में पुरुषों की बढ़ती सहभागिता का भी प्रतीक है।


हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 445. नीला परमार पिता\पति स्व.श्री धीरज सिंह ठाकुर पता- ब्राम्हण पारा रायपुर, 446. पुष्पेन्द्र परगनिहा पिता\पति राम खिलावन पता- अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, 447. राजेंद्र कुमार दंडसेना पिता\पति स्व. से. आर. दंडसेना पता- बोरियाखुर्द रायपुर, 448. निरोला योगी पिता\पति विजय कुमार मसीह पता- साईं कॉलोनी संतोषी नगर खमतराई, 449. भूमिका मानिकपुरी पिता\पति अमर दास मानिकपुरी पता- सद्दू सेक्ट-06 रायपुर, 450. सुनीता वर्मा पिता\पति श्री बिसौहा राम वर्मा पता- हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी दोंदेखुर्द, 451. संकल्प साहू पिता\पति श्री दया राम साहू पता- भाटागाँव पानी टंकी के पास रायपुर, 452. मेघा साहू पिता\पति भागवत प्रसाद साहू पता- H-16 पुलिस लाइन रायपुर, 453. यशोदा वर्मा पिता\पति सुन्दर लाल वर्मा पता- बरौद विधान सभा भवन के पास, 454. प्रवीण कुमार पिता\पति राजेंद्र कुमार पता- जुलुम टेकरी रायपुर, 455. तेजेश्वरी साहू पिता\पति दुर्वासा साहू पता- कुरुसकेरा राजिम, 456. रामचंद देवांगन पिता\पति स्व. शिव राम देवांगन पता-नगर पंचायत आमदी धमतरी, 457. येशु साहू पिता\पति जीवन लाल साहू पता- बजरंग चौक गोकुलनगर वार्ड धमतरी, 458. ठलेश्वर पिता\पति मस्त राम साहू पता-करेली बड़ी मगरलोड, 459. अनन्या नामदेव पिता\पति विरेन्द्र कुमार नामदेव पता- मेन रोड डोंगरगढ़, 460. ज्योति पात्रे पिता\पति स्व. दुतिया राम बघेल पता- लालबाग प्रभात नगर वार्ड न.२*, 461. गीता साहू पिता\पति स्व. देवलाल साहू पता-डोंगरगढ़, 462. चित्रांश चौहान पिता\पति हेमंत कुमार चौहान पता-बेमेतरा, 463. भाव्या नारंग पिता\पति प्रशांत नारंग पता-राजापारा कांकेर, 464. होमन सिंह नागवंशी पिता\पति स्व.मुरहा राम पता- डौंडी नगर बालोद, 465. वी.जोगाराव नायडू पिता\पति स्व. श्री गंगैय्या नायडू पता-सहारा टेंड हाउस जगदलपुर, 466. रोशनी देवांगन पिता\पति मोहन देवांगन पता-महासमुंद, 467. अन्नपूर्णा ठाकुर पिता\पति अजय पाल सिंह ठाकुर पता-ठाकुर पारा कवर्धा, 468. महेन्द्र कुमार साहू पिता\पति नकुल प्रसाद साहु पता-सुहेला, 469. संतोष कोर्राम पिता\पति गिरधारी कोराम पता-एस. पी. मरारपारा, 470. सुशीला शाह पिता\पति भुनेश्वर शाह पता- नंदनी वार्ड हाउसिंग बोर्ड छावनी, 471. आभा गुप्ता पिता\पति महावीर प्रसाद गुप्ता पता- आकाश नगर, 472. तोमन साहू पिता\पति कन्हैया साहू पता- न्यू पंचशील नगर नयापारा, 473. योगिता साहू पिता\पति भूपेन्द्र कुमार साहू पता- शीतला नगर दुर्ग, 474. प्रियांश निर्मलकर पिता\पति हेमंत निर्मलकर पता- लक्ष्मी नगर वार्ड न. भिलाई, 475. संजीविनी टंडन पिता\पति देवनारायण टंडन पता-दुर्ग, 476. एन. येलियाश पिता\पति एन. गाब्रियल पता- कैम्प-01 सुन्दर नगर वार्ड 32 भिलाई, 477. कु.नीलम बघेल पिता\पति अशोक कुमार बघेल पता-भिलाई-03, 478. संस्कार पिता\पति भूषण राउत पता-भिलाई -03, 479. किरण साहू पिता\पति दमेंद्र कुमार पता- आर्य नगर कोहका भिलाई, **बिलासपुर संस्करण –** 480. तनुषा पिता/पति गोपीचन्द पटेल पता- सूरदा देवरी मुंगेली ,तखतपुर , 481. नरेंद्र सिंघानिया पिता/पति स्व. लोरिक राम पता- तखतपुर, 482. कविता कारड़ा पिता/पति दयाराम लालवानी पता- तखतपुर, 483. नैना मलधानी पिता/पति कोमल मलधानी तखतपुर, 484. राजू कुमार देवांगन पिता/पति स्व. बुधराम देवांगन पता- तखतपुर, 485. ईश्वरी खांडेकर पिता/पति राजकुमार खांडेकर पता- टिकरपारा, 486. दिनेश राजपूत पता- तखतपुर, 487. अंशिका शर्मा पिता/पति जितेंद्र शर्मा पता- तखतपुर लोरमी, 488. मनीषा दास वैष्णव पिता/पति संजय दास वैष्णव पता- शांति चौक लोरमी, कोरिया जिला 1. आशीष मोदी ,पिता /पति - दिनेश मोदी पता- चरचा, 489. ओमप्रकाश सिंह पिता /पति रमेश सिंह पता- बैकुंठपुर, 490. सुहागिन देवी पिता/पति मोहन पता- वी. टी. सी. चरचा, 491. हर्ष कुमार सिंह पिता/पति सुनील सिंह पता- चरचा, 492. जसीना खातून पिता/पति स्व. मो. सलीम उद्दीन पता- बैकुठपुर, 493. महेश कुमार मिश्रा पिता/पति राम अवतार मिश्रा पता- खैरी बैकुठपुर, 494. कुमुद बाला श्रीवास्तव पिता/पति ऍम. के. सिन्हा पता- बरबसपुर, 495. श्रीमती सुनीता देवी पिता/पति राजकुमार तिवारी पता- वार्ड-7 चरचा कॉलोरी, 496. राजकुमार तिवारी पिता/पति स्व. पारस नाथ तिवारी पता- हनुमान मंदिर के सामने चरचा कॉलोरी, 497. मंजुलता गुप्ता पिता/पति रामकुमार गुप्ता पता- बैकुठपुर कोरिया, 498. रूपेश कुमार अग्रवाल पिता/पति कृष्णा प्रसाद अग्रवाल पता- अंबेडकर नगर वार्ड-6 चरचा, 499. निलेश कुमार पटवा पिता/पति संतनन्द पटवा पता- पटना, 500. अभिषेक कुमार साहू पिता/पति मनोज कुमार साहू पता- सागरपुर बैकुठपुर, 501. कृष्णा सिंह पिता /पति शंकर सिंह पता- स्कूल पारा बैकुठपुर , 502. मयंक गुप्ता पिता/पति - श्री दुर्गा प्रसाद गुप्ता पता- बैकुठपुर, **भोपाल संस्करण –** 503. संजय चौरसिया पिता\पति जवाहर लाल पता - बी-314 चिनार रिट्रीटअरेरा हिल्समैदा मिलभोपाल, 504. मेघा राणा पिता\पति स्व मोतीलाल राणा 5/228 रविशंकर नगरभोपाल, 505. मथुरा प्रजापति पिता\पति - श्याम नगर, 506. सुरेश कुमार यादव पिता\पति श्रीराम दुलारे यादव एफ-9 थर्ड फ्लोर 1250 अर्जुन नगर कॉलोनी, 507. आदेश नेमा पिता\पति रमेश पता- नेमा विदिशा, 508. कमलसिंह रघुवंशी पिता\पति हल्के सिंह रघुवंशी पता- गोदावरी ग्रीन्स विदिशा, 509. नरेश राज साहू पिता\पति -हीरालाल साहू पता- बालाजी आर्किड विदिशा, 510. अमोल विश्वकर्मा पिता\पति बालाराम विश्वकर्मा पता- विजय नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 511. अर्पित पांडे पिता\पति भानु कुमार पांडे पता- कोतमा, 512. ईश्वर चौधरी पिता\पति मदन चौधरी वार्ड नंबर 8 मगरहा टोला कोतमा, 513. आकृति द्विवेदी पिता\पति विजय कुमार द्विवेदी पता- ग्राम बुढानपुर कोतमा, 514. प्रिया शर्मा पिता\पति संतोष कुमार शर्मा पता- पुरानी बस्ती कोतमा, 515. आकृति नामदेव पिता\पति ओमप्रकाश नामदेव पता- जय श्री वार्ड क्रमांक 8 जिला अनूपपुर, 516. संजना केवट पिता\पति संतोष केवट पता- वार्ड क्रमांक 5 कोतमा, 517. सानवी प्रजापति पिता\पति हरिहर प्रसाद प्रजापति वार्ड नंबर 9 विकास नगर कोतमा अनूपपुर, 518. अनुराग सोनी पिता\पति श्री महेंद्र सोनी वार्ड नंबर 2 गर्ल्स स्कूल में रोड कोतमा अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

# हरियाली बनाए रखने फॉरेस्ट विभाग ने तस्करों पर दर्ज किए 39 अपराध

**धमधा और पाटन डिवीजन में वन विभाग की सतत निगरानी, 4 आरामिल को किया सीलबंद, 1 अवैध आरा मशीन राजसात**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



वन संरक्षण को लेकर वन विभाग के सभी अमले द्वारा सतत प्रयास किया जा रहा है। धमधा और पाटन डिवीजन में वन संरक्षण प्रणाली मजबूत करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

विभाग की टीम लगातार क्षेत्र में सघन निरीक्षण कर अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगा रही है। सभी आरा मशीनों और बीट क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण रोस्टर के अनुसार किया जा रहा है। मुख्य वन संरक्षक द्वारा निर्धारित रोस्टर अनुसार आरामिलों का प्रति माह उप वन मंडलाधिकारी, परिक्षेत्र अधिकारी और सहायक परिक्षेत्र अधिकारी आरामिलों का निरीक्षण कर रहे हैं, जिससे पारदर्शिता और नियंत्रण व्यवस्था बेहतर हुई है।

वन विभाग द्वारा किए गए सक्रिय प्रयासों का परिणाम यह रहा कि जनवरी 2025 से अब तक 39 वन अपराध प्रकरण दर्ज किए गए हैं, जिसमें लगभग 4 लाख रुपये का मुआवजा वसूला गया है। इसके साथ ही अनुमानित 1028 नग (67.548 घन मीटर) व 15 जलाऊ चट्टा काष्ठ शासन के हित में जमा कराया गया है।

- हरे-भरे पेड़ों को काटने वाले लोगों के खिलाफ चलाया जा रहा अभियान

विभाग ने 04 आरामिलों को सीलबंद किया है, जिनमें से 01 अवैध आरा मशीन को राजसात भी किया गया है। वन विभाग क्षेत्र में अवैध कटाई और परिवहन को रोकने के लिए प्रतिबद्ध है और लगातार प्रभावी कार्रवाई कर रहा है। अवैध परिवहन के तहत अपराध पाए जाने पर अपराध पंजीबद्ध कर संबंधित अभियुक्त से मुआवजा की राशि वसूल कर प्रतिबंधित काष्ठों की जप्ती की जाती है एवं छूट प्रजाति के काष्ठों को निर्मुक्त किया जाता है। वन संरक्षण के लिए वन विभाग के सभी अमले मिलकर काम कर रहे हैं, जिससे प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा को बढ़ावा मिल रहा है।

## धमधा ब्लॉक में सामु. भवन, तालाब सौंदर्यीकरण के लिए 48 लाख स्वीकृत

**दुर्ग।** मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजनांतर्गत वर्ष 2025-26 में शासन द्वारा अनुमोदित निर्धारित लागत दर अनुसार जनपद पंचायत अंतर्गत अधोसंरचना निर्माण कार्य के लिए 48.28 लाख रुपए की अनुशंसा की गई है। अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग धमधा द्वारा प्रेषित तकनीकी स्वीकृति के आधार पर अनुशंसित कार्य को संपादित कराए जाने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धमधा को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग कुमार दुबे से प्राप्त जानकारी अनुसार विकासखण्ड धमधा के ग्राम अरसी के देवांगन पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 6.50 लाख, ग्राम हिर्री के विश्वकर्मा चौक में सीसी रोड निर्माण के लिए 2.60 लाख, बड़े पुरदा के माखन लाल साहू के घर पास रंगमंच निर्माण के लिए 3 लाख, रूहा पेन्ड्री के जितेन्द्र घर के पास रंगमंच निर्माण हेतु 3 लाख रुपए शामिल है।

**खबर संक्षेप**

## पीएम आवास की लॉटरी 12 को निगम सभागार में



**भिलाई।** शासन की महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) एएचपी आवास मोर मकान-मोर आस एवं मोर मकान-मोर चिन्हारी संचालित किया जा रहा है। नगर निगम भिलाई क्षेत्र के मकानहीन परिवारों से मकान हेतु आवेदन जमा कराया गया है। आवासों का सक्षम स्वीकृति प्राप्त कर कुल अंशदान राशि का 10 प्रतिशत राशि तथा बेदखली व्यवस्थापन हेतु हितग्राही अंशदान 75 हजार निगम कोष में नियमानुसार जमा कराया जा रहा है। निगम सभागार कक्ष में 12 दिसंबर को दोपहर 12:30 बजे लाटरी आयोजित किया गया है। लाटरी में वरिष्ठ नागरिको एवं दिव्यांगजनों को प्राथमिकता के आधार पर भूतल के आवास तथा अन्य आवेदकों को आवास आबंटित किया जाना है। हितग्राही आवश्यक दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर लाटरी में शामिल हो सकते है।

## पटेल चौक से जवाहर चौक तक 20 लाख से सड़क का डामरीकरण

**दुर्ग।** वार्ड-30 में पटेल चौक पेट्रोल पंप से तहसील ऑफिस होते हुए जवाहर चौक तक 20.35 लाख रुपये की लागत से डामरीकरण सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा, लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चंद्राकर, पार्षदगण, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति में विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमि पूजन किया गया। महापौर अलका बाघमार ने कहा हमारा लक्ष्य दुर्ग शहर की सभी प्रमुख सड़कों को मजबूत, सुरक्षित और सुगम बनाना है। पटेल चौक से तहसील ऑफिस मार्ग अत्यंत व्यस्त रूट है। यहां डामरीकरण से लोगों को राहत मिलेगी और दुर्घटनाओं की संभावनाएं कम होंगी। निगम की प्राथमिकता है कि सभी विकास कार्य गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ समय पर पूरे हों। हम हर वार्ड में संतुलित विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। मौके पर सभापति श्याम शर्मा मौजूद थे।

## चाइनीज मांझा जब्त, दो दुकानदारों पर कार्रवाई



**दुर्ग।** शहर में चाइनीज़ मांझा के बढ़ते उपयोग और उससे होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए नगर निगम एक बार फिर सख्त रुख अपनाने जा रहा हैं। आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर मांझा रोकथाम के लिए एक संयुक्त टीम का गठन किया है, जो पूरे शहर में अभियान चलाकर दुकानों एवं गोदामों में छापामार कार्रवाई करेगी। टीम ने फरिश्ता कम्प्लेक्स के पास सन्नी पतंग और सोलंकी पतंग दुकान पहुचकर दुकानों में मांझा की जांच की। इस दौरान प्रतिबंधित मांझा जब्त किया गया। शहर क्षेत्र अंतर्गत निरन्तर निगम के बाजार विभाग और अतिक्रमण विभाग की संयुक्त टीम अब शहर में घूम-घूमकर चाइनीज़ मांझा की खरीद-फरोख्त, परिवहन, भंडारण और उपयोग पर निगरानी रखेगी तथा नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई शुरू की गई है।

**वार्ड-9 राजीवनगर**

- नालियों में अतिक्रमण की वजह से संक्रमण का खतरा
- हड्डी गोदाम के पीछे 250 फीट नाली निर्माण की मांग
- अवैध नल कनेक्शन से की जा रही पानी की सप्लाई

# गौतम नगर में शौचालय नहीं, दो साल पहले जर्जर बताकर तोड़ा, नया अब तक नहीं बना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

**वार्ड परिक्रमा**

वार्ड 9 राजीवनगर सुपेला में सड़कों की खराब स्थिति, अवैध कब्जे, नालियों की गड़बड़ी, शौचालय और सामुदायिक भवन की कमी जैसी गंभीर समस्याएं सामने आई हैं।

राजीव नगर सुपेला वार्ड 9 में बुनियादी परेशानियां सालों से जस की तस पड़ी हैं। गौतम नगर में सार्वजनिक सुलभ शौचालय नहीं है। लोग रोजमर्रा की जरूरत के लिए भी इधर उधर भटक रहे हैं। सामुदायिक भवन भी नहीं है। छोटे आयोजनों के लिए मोहल्ले के लोग दूसरे इलाकों पर निर्भर हैं। कई जगह सड़कें बुरी तरह उखड़ी पड़ी हैं। क्रिश्चियन पब्लिक स्कूल के पीछे महाराज गली की सड़क की हालत सबसे खराब है। यही सड़क आगे निजामी चौक जाती है। नालियों का डिजाइन भी बिगड़ा हुआ है। पानी आगे नहीं बढ़ पाता और बरसात में वही पानी सड़क पर बहता है। वार्ड की सबसे बड़ी समस्या नालियों पर किए गए अवैध कब्जे हैं। कब्जे की वजह से नालियों की सफाई सालों से अटकी हुई है। कई लोगों ने दुकान और घर के सामने अवैध निर्माण कर सड़क को और संकीर्ण कर दिया है। हड्डी गोदाम के पीछे नाली निर्माण बेहद जरूरी है। नाली न होने से गंदा पानी सीधे सड़क पर फैल जाता है और बरसात में हालात और खराब हो जाते हैं। वार्ड में कई जगह अवैध नल कनेक्शन भी मिले। प्लास्टिक पाइप डालकर चोरी छिपे पानी की सप्लाई ली जा रही है।

**नालियों पर भी लोगों ने कर रखे हैं अवैध निर्माण, सड़कें हुईं छोटी**



### सामुदायिक भवन की मांग



वार्ड 9 की बिंदा टंडन, नेहा साहू और कला साहू का कहना है कि उनके इलाके में एक बड़ी जरूरत अभी तक पूरी नहीं हुई है। वार्ड में सामुदायिक भवन नहीं है, जिसकी वजह से छोटे आयोजनों के लिए जगह तलाशना पड़ता है। इनका कहना है कि शहर के ज्यादातर वार्डों में सामुदायिक भवन मौजूद हैं और वहां लोग सामाजिक कार्यक्रम आसानी से करते हैं, लेकिन उनके वार्ड में ऐसी कोई सुविधा नहीं है। शादी की छोटी रस्में हों, जन्मदिन हो या सामाजिक बैठक, हर बार लोगों को दूसरे इलाकों का रुख करना पड़ता है। स्थानीय महिलाओं ने कहा कि वार्ड में एक सामुदायिक भवन जरूरी है, ताकि लोग अपनी जरूरत के कार्यक्रम बिना परेशानी आयोजित कर सकें। उनकी मांग है कि इसे जल्द प्राथमिकता देकर पूरा किया जाए।

**वार्डवासियों ने कहा- मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं**

### 35 साल पुराना शौचालय टूटा लेकिन नया अब तक नहीं बना



गौतम नगर के लोग पिछले दो साल से एक बुनियादी जरूरत का इंतजार कर रहे हैं। यहां 35 साल पुराना सार्वजनिक सुलभ शौचालय जर्जर हालत के कारण तोड़ दिया गया था। उसके बाद से नया शौचालय अब तक नहीं बनाया गया। गौतम नगर निवासी संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि शौचालय टूटने के बाद कई बार जनप्रतिनिधियों को मांग रखी गई। आश्वासन मिलते रहे, लेकिन निर्माण शुरू नहीं हुआ। इसके कारण इलाके के लोगों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आबादी घनी है और वैकल्पिक व्यवस्था न होने से हालात मुश्किल बनते जा रहे हैं।

### सड़कों की हालत बेहद खराब



राजू शर्मा ने बताया कि घर के सामने की सड़क वर्षों से जर्जर स्थिति में है। सड़क इतनी खराब है कि आए दिन लोग फिसलकर चोट खा रहे हैं। मोहल्ले में बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा परेशान हैं। घर के पास नाली का निर्माण तो हुआ, लेकिन काम सही तरीके से नहीं किया गया। ढलान गलत है, पानी आगे नहीं जा पाता और नाली हमेशा गंदे पानी से भरी रहती है। इससे आसपास बदबू, गंदगी और मच्छरों की समस्या भी बढ़ गई है।

### नली में पानी जाम और बदबू से परेशान



नकुल वर्मा ने बताया कि हड्डी गोदाम के पीछे की हालत हर दिन लोगों की परेशानी बढ़ा रही है। यहां करीब 250 फीट पक्की नाली की जरूरत है। अभी कच्ची नाली है, जो सही तरह से काम ही नहीं करती। पानी हमेशा जाम रहता है और वही गंदा पानी सड़क पर बहने लगता है। बरसात में हालात और बिगड़ जाते हैं। सड़क पर पानी भर जाता है और रास्ता चलने लायक नहीं रहता। सफाई कर्मचारी भी इस कच्ची नाली को साफ करने में मुश्किलों का सामना करते हैं।

### प्रस्ताव भेजा

नाली निर्माण के लिए 9.94 लाख रुपए और सड़क संधारण के लिए 16.44 लाख रुपए का प्रस्ताव पारित हुआ है। जर्जर सड़कों से लोगों को जल्द मुक्ति मिलेगी। सार्वजनिक सुलभ शौचालय के लिए प्रस्ताव भेजा गया है जो दो साल से लंबित है।। क्षेत्र के कई जगह पर नालियों के ऊपर अवैध कब्जा किया गया है। शीघ्र की इन अवैध कब्जों पर कार्रवाई की जाएगी। अवैध नल कनेक्शन पर नगर निगम प्रशासन को कार्रवाई करनी चाहिए। पार्षद निधि से 11 स्टील के बेंच का निर्माण कराया जा रहा है। इसे अलग-अलग स्थानों पर लगाया जाएगा।

**-रानू साहू,** पार्षद वार्ड 7 राजीव नगर सुपेला

## एनएचएम के कर्मियों ने की मिशन डायरेक्टर से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने नए स्वास्थ्य संचालक संजीव झा से सौजन्य मुलाकात की। पदाधिकारियों ने राज्य के नए स्वास्थ्य संचालक सह मिशन संचालक को वस्तु स्थिति से अवगत कराया। इस अवसर पर प्रतिनिधि मंडल ने संघ की विभिन्न लंबित मांगों एवं संगठन से संबंधित मुद्दों पर भी सौहार्दपूर्ण चर्चा की। इसी क्रम में संघ पदाधिकारियों ने बताया कि गत दिवस स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने एक कार्यक्रम में यह आश्वासन दिया था कि हड़ताल अवधि में बर्खास्त किए गए कर्मचारियों की जल्द बहाली की जाएगी, लेकिन अब तक बहाली नहीं हो पाई है। इस दौरान संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार मिरी, कौसलेश तिवारी, पुरन दास, दिनेश चंद्र खर्कवाल, संतोष कुमार चंदेल, डॉ. आलोक शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

बता दें कि पिछले दो माह से वेतन नहीं मिलने से एनएचएम के 16 हजार से अधिक कर्मियों में निराशा है। सामाजिक-आर्थिक संकट में धकेल दिया है, परिवार के भरण-पोषण, बच्चों की शिक्षा, किराया/बैंक किस्त भुगतान तथा दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करना अत्यंत कठिन हो गया है, जिससे कर्मचारियों में मानसिक तनाव और असंतोष तेजी से बढ़ रहा है। वहीं बर्खास्त कर्मियों की अब तक बहाली नहीं हो पाई है। इसे देखते हुए एनएचएम कर्मी एक बार फिर हड़ताल पर बैठने की तैयारी में है। हालांकि इस पर अंतिम मुहर नहीं लग पाई है। दुर्ग जिला अध्यक्ष डॉ आलोक शर्मा ने बताया कि हम लगातार समस्याओं से शासन को अवगत करा रहे हैं। जल्दी समाधान नही निकलने पर ये फिर से हड़ताल करने मजबूर होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

- पिछले दिनों ही संभाला है पदभार, एनएचएम कर्मी फिर आंदोलन की तैयारी में

## रेलवे स्टेशन में बोर्ड बदलने तैयारी शुरू



तैयार बोर्ड पर ढक दिया कपड़ा।

**भिलाई।** भिलाई नगर रेलवे स्टेशन में इस्पात नगरी भिलाई के इतिहास को गलत चित्रित करते हुए रेलवे का लगाया बोर्ड अब बदलेगा। रेलवे ने नए सिरे से तथ्यों को लिखकर वहां बोर्ड लगाने की तैयारी कर ली है। जिसमें बुधवार को पुराना बोर्ड वहां से हटा लिया गया है और बोर्ड की जगह पर परदा डाल दिया गया है। उल्लेखनीय है कि अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत भिलाई नगर रेलवे स्टेशन का कायाकल्प किया गया है। जल्द ही इसका लोकार्पण होना है लेकिन इसके पहले रेलवे प्रशासन ने यहां इस स्टेशन के इतिहास से जुड़ी जानकारी देने हड़बड़ी में एक बोर्ड लगाया था। जिसमें न तो इस स्टेशन के सुपेला से भिलाई नगर नामकरण किए जाने की जानकारी थी न ही यहां उतर चुकी राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री जैसी हस्तियों का कोई उल्लेख था। हरिभूमि ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया और इसके बाद स्थानीय विधायक देवेंद्र यादव व अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी इस पर आपत्ति करते हुए रेलवे मंत्रालय व रेलवे बोर्ड को पत्र लिखा। अंततः हफ्ते भर बाद रेलवे ने यह सही जानकारी का उल्लेख करत हुए बोर्ड लगाने की तैयारी शुरू कर दी है।

## खरीफ और रबी फसल के लिए अल्पकालीन लोन तय करने बैठक, तय की गई दरें




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह की उपस्थिति में गुरुवार को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के सभागार में दुर्ग, बेमेतरा, बालोद के कृषकों की वर्ष 2026-27 के लिए फसल उत्पादन अल्पकालीन फसल लोन निर्धारण को लेकर बैठक हुई। बैठक में विभिन्न प्रकार के फसल उत्पादन हेतु कृषि विभाग के तकनीकी विशेषज्ञ एवं उन्नतशील कृषकों द्वारा विचार मंथन किया गया। फसल उत्पादन हेतु प्रति हेक्टेयर होने वाली व्यय के संबंध में कृषि विभाग व उद्यानिकी विभाग द्वारा प्रस्तुत जानकारी अनुसार खरीफ व रबी फसलों के लिए वर्ष 2026-27 के लिए ऋणमान का निर्धारण किया गया। इसे राज्य स्तरीय तकनीकी समूह को प्रेषित किया जायेगा।

बैठक में प्रति हेक्टेयर धान सिंचित के लिए 65 हजार, असिंचित 48 हजार, सोयाबीन 53,900, चना 46,200, गेंहू 50 हजार, गन्ना 1.20 लाख, अरहर 45100, जिमीकंद 1.60 लाख, मत्स्य पालन 1.87 लाख, गौपालन 40800 प्रति गाय, भैंसपालन 47300 प्रति भैंस, भेड़पालन 48400 प्रति भेड़, मक्का 60 हजार, कपास 60 हजार, ग्रीष्मकालीन धान 48 हजार, सूरजमुखी 28600 रुपए प्रस्तावित किया गया। टमाटर, मशरूम, शिमला मिर्च आदि खरीफ व रबी फसलों के लिए वर्ष 2026-27 के लिए ऋणमान का निर्धारण कर प्रस्तावित किया गया। बैठक में संदीप भोई उप संचालक कृषि, संतोष पाटले उप आयुक्त सहकारिता, हृदेश शर्मा सीईओ, कुसुम ठाकुर पर्यवेक्षक, प्रीतपाल बेलचंदन पूर्व अध्यक्ष, पूर्व संचालक शिव कुमार चन्द्राकर, एसके जोशी पशुधन, नारायण सिंह उद्यानिकी, डॉ. भारतेष शर्मा, डीडी झा, सुमंत चंद्रवंशी, दीपक चन्द्राकर, प्रेमलाल नायक, पुरेन्द्र चन्द्राकर, पवन जैन, भगवान सिंह चन्द्राकर, योगेन्द्र दिल्लीवार सहित अन्य मौजूद थे।

- कलेक्टर की अध्यक्षता में बैंक सभागार में हुई बैठक

## आईआईटी ने औद्योगिक सल्फर वेस्ट से तैयार किया साफ पानी

**दुर्ग।** आईआईटी भिलाई के वैज्ञानिकों ने एक ऐसी पॉलिमर तकनीक विकसित की है, जो औद्योगिक सल्फर कचरे का उपयोग जल प्रदूषण से निपटने में करती है। शोध टीम भनेन्द्र साहू, सुदीप्त पाल, प्रियंक सिन्हा और डॉ. संजीव बनर्जी ने एक धातु-रहित, पर्यावरण-अनुकूल पॉलिमराइजेशन प्रक्रिया विकसित की है, जो कम मूल्य वाले सल्फर वेस्ट को सल्फर-डॉट्स (एस-डॉट्स) में परिवर्तित करती है। ये एस-डॉट्स उन्नत स्मार्ट पॉलिमरों के निर्माण में हरित फोटोकैटलिस्ट के रूप में कार्य करते हैं।

यह कार्य अनुप्रयुक्त रसायन अंतर्राष्ट्रीय संस्करण में प्रकाशित हुआ है। यह नवाचार दो प्रमुख सामाजिक चुनौतियों का समाधान प्रदान करता है। औद्योगिक सल्फर वेस्ट का प्रबंधन और प्रदूषित जल से हानिकारक हाइड्रोफोबिक प्रदूषकों को हटाना।

पेट्रोलियम रिफाइनिंग, कोयला प्रसंस्करण और रासायनिक उद्योगों से निकलने वाला सल्फर वेस्ट अकसर निपटान और पर्यावरण संबंधी समस्याएं पैदा करता है। इस वेस्ट को उच्च-मूल्य वाले एस-डॉट्स में बदलकर आईआईटी भिलाई की टीम ऐसे मल्टी-आर्म स्टार पॉलिमर्स का निर्माण करने में सक्षम हुई है, जिनमें जल शुद्धिकरण की उत्कृष्ट क्षमता है। यह तकनीक जल जीवन मिशन, पर्यावरण पुनर्स्थापन कार्यक्रमों और सतत औद्योगिक प्रथाओं जैसे राष्ट्रीय उद्देश्यों के अनुरूप है।

## सेवा सुशासन के दो साल बेमिसाल, मंत्री गजेन्द्र यादव ने सीएम का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



प्रदेश सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने दुर्ग की जनता को शुभकामनायें दी है। साथ ही प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया है। दुर्ग को विकसित बनाने की दिशा में निरंतर कार्यरत है।

खेल, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित नगर विकास को लेकर दो साल में करोड़ों की राशि शासन से स्वीकृति मिली है, जो दुर्ग की जनता का भाजपा पर विश्वास का परिणाम है। गजेन्द्र यादव ने दुर्ग शहर के जनता के मांग और जनता के सुविधाओ को बढ़ावा देने लगातार कार्यरत है। खेल की दिशा में बैडमिंटन कोर्ट का लोकार्पण तथा स्विमिंग पुल और उरला स्टेडियम निर्माण अंतिम चरण पर है, 20 से अधिक स्थान पर डोम शेड, शासकीय स्कूलो में संधारण, किसान भवन, शादी ब्याह जैसे बड़े आयोजन के लिए कई वार्ड में करोड़ों की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण जारी है, आवागमन को बेहतर बनाने दुर्ग निगम क्षेत्र के लगभग सभी वार्ड सीमेंटीकरण सड़क। दुर्ग वासियों को रात्रि में सुरक्षित आवागमन हेतु बिजली पोल में लाइट्स लगाने विधायक निधि से 80 लाख की स्वीकृति। नये बसाहट वाले कॉलोनी में 1100 से अधिक बिजली पोल सह लाइन का विस्तार किया गया। आईटी के क्षेत्र में दुर्ग एक नए युग की शुरुआत करने आईआईटी भिलाई एवं छत्तीसगढ़ सरकार के मध्य आईटी पार्क स्थापना हेतु एमओयू किया गया। सड़कों का चौड़ीकरण करने शासन से करोड़ों की राशि स्वीकृति मिल चुकी है।

- विकास कार्यों के लिए शासन से मांगा फंड

**दुर्ग जिला जल संरक्षण में अग्रणी, सोक पिट निर्माण ने बढ़ाया भू जल स्तर**

# मोर गांव मोर पानी अभियान 8 से, लोगों को करेंगे जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले में 8 दिसंबर से मोर गांव मोर पानी अभियान की शुरुआत होने जा रही है। जिले में जल संरक्षण को जन-आंदोलन का रूप देने के लिए 8 दिसंबर को बड़े पैमाने पर गतिविधियाँ आयोजित की जा रही है। अभियान के अंतर्गत वर्षा जल संचयन और भू-जल पुनर्भरण को बढ़ावा देने के लिए जिले में रिकॉर्ड स्तर पर सोक पिट निर्माण किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत 4312 आवासों में सोक पिट बनाए जा रहे हैं। इनमें जनपद धमधा 2115, जनपद दुर्ग, 942, जनपद पाटन 1255 सोक पिट निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके अलावा ग्रामीण स्कूल परिसरों में 1105 तथा स्व-सहायता समूहों अपने घरों में व कार्यालय एवं परिसरों में 7000 सोक पिट का निर्माण किया जा रहा है। ये संरचनाएं वर्षा जल को धरातल में समाहित कर भू-जल स्तर बढ़ाने में कारगर सिद्ध हो रही हैं।



### जल संरक्षण से बढ़ाया जा सकता है भूजल स्तर

अभियान के तहत वर्षा जल संचयन तकनीकों के उपयोग से जल संरक्षण दिशा में कदम है। ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान, मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के समन्वित प्रयासों से जल संरक्षण को नई दिशा मिल रही है। सीईओ बजरंग कुमार दुबे ने बताया कि जिले की सभी जनपद पंचायतों में सोक पिट निर्माण तेजी के साथ किया जा रहा है, जिससे वर्षा जल संचयन और भूजल पुनर्भरण में उल्लेखनीय सुधार होगा। उन्होंने कहा कि यह अभियान जिले में जल सुरक्षा एवं संसाधन प्रबंधन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह अभियान जिल दुर्ग की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य पारंपरिक जल स्रोतों का पुनर्जीवन, वर्षा जल संचयन, भूजल स्तर में वृद्धि तथा जल संरक्षण के लिए सामुदायिक सहभागिता को मजबूत करना है।

खबर संक्षेप



## लंबित समस्याओं को लेकर बिजली कंपनी के इंजीनियर मिले विस अध्यक्ष से

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल पत्रोपाधि अभियंता संघ के प्रतिनिधिमंडल ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से सौजन्य मुलाकात की। संघ के प्रांतीय अध्यक्ष इंजीनियर श्रीकांत बड़गैया के नेतृत्व में हुई इस मुलाकात में राजनांदगांव क्षेत्र में एमआर डिफरेंस के कारण पिछले तीन-चार वर्षों से लंबित सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंता के प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि उच्च स्तरीय जांच समिति की रिपोर्ट पहले से ही सकारात्मक है, परंतु इन प्रकरणों पर अब तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। इसके कारण क्षेत्र के अभियंता परेशान हैं। डॉ. रमन सिंह ने तुरंत हस्तक्षेप करते हुए चेयरमैन को निर्देशित करने का आश्वासन दिया, ताकि इन प्रकरणों को नस्तिबद्ध कर जल्द निराकरण किया जा सके। इस अवसर पर प्रांतीय उपाध्यक्ष अविनाश दुबे, सुरजीत कुमार गुप्ता, केंद्रीय संयुक्त सचिव कोमल साहू, प्रशांत एम. पानशे, बीके पवार, एके बनर्जी, गजेंद्र देवांगन, धर्मेंद्र देवांगन, आशीष सोनी सहित अन्य मौजूद थे।

## मच्छर जनित रोगों का उन्मूलन करने हजारों घरों का किया सर्वेक्षण

**भिलाई।** निगम क्षेत्रांतर्गत नागरिकों को मच्छर जनित रोग जैसे डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया से सुरक्षित रखने के लिए आयुक्त राजीव कुमार पांडेय के निर्देशों पर एक व्यापक जन जागरूकता और मच्छर उन्मूलन कार्यक्रम जोर-शोर से चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत निगम का विशेष दस्ता और जिला मलेरिया विभाग के सर्वेलेंस कार्यकर्ताओं की संयुक्त टीम घर-घर जाकर सर्वेक्षण कर रही है और मच्छर प्रजनन स्त्रोतों को समाप्त करने का कार्य कर रही है। निगम द्वारा गठित विशेष दस्ता के नेतृत्वकर्ता वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के.के. सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 1 अप्रैल 2025 से 30 नवंबर 2025 तक चलाए गए सघन अभियान के दौरान महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की गई हैं। कुल सर्वेक्षण किए गए घर 16,168 जांच किए गए और खाली कराए गए मच्छर प्रजनन स्त्रोत कुल 8,825, कूलर 3,327, टंकी 2,370 ड्रम/कंटेनर 3,096 अन्य स्त्रोत से 32 लार्वा नियंत्रण हेतु छिड़काव 13,253 घरों के 8,864 कूलरों में पानी मिश्रित एक्यूगार्ड का छिड़काव किया गया। 19,125 कूलरों में पानी मिश्रित मैलाथियान का छिड़काव कार्य कराया गया।

## बीएसपी ने नवंबर में शानदार उत्पादन का रचा इतिहास

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र ने नवंबर 2025 में शानदार उत्पादन प्रदर्शन दर्ज करते हुए कई प्रमुख उत्पादों में पूर्व के रिकॉर्ड तोड़ दिए। संयंत्र की लगभग सभी प्रमुख उत्पादन इकाइयों में ऑल-टाइम बेस्ट तथा नवंबर माह के सर्वोच्च उत्पादन स्तर हासिल हुए, जो संयंत्र की मजबूत ऑपरेशनल डिसिप्लिन, प्रक्रियागत उत्कृष्टता तथा निरंतर उत्पादकता वृद्धि के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं। ब्लास्ट फर्नेस-8 में हॉट मेटल उत्पादन 2,44,815 टन तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष नवंबर के 2,43,130 टन से अधिक है। संयंत्र का कुल हॉट मेटल उत्पादन भी बढ़कर 5,12,081 टन हो गया, जबकि नवंबर 2022 में यह 5,05,761 टन था। स्टील मेल्टिंग शॉप-3 में कास्ट स्टील उत्पादन 3,02,127 टन रहा, जो नवंबर 2023 के 3,00,840 टन से अधिक है। बिलेट उत्पादन भी बढ़कर 2,07,791 टन पहुंच गया, जो नवंबर 2023 के 2,02,652 टन के पूर्व रिकॉर्ड से ऊपर है। कुल क्रूड स्टील उत्पादन 4,90,407 टन रहा, जो पुराने 4,85,035 टन के आंकड़े को पार करता है।

### जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल सुपेला, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बढ़ रहे मरीज

# ठंडी हवाओं का असर...बढ़ रहे सर्दी, खांसी व बुखार के मरीज, 60 फीसदी मामले बढ़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ट्विनसिटी सर्द मौसम की चपेट में हैं। पिछले एक सप्ताह से न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई है। गुरुवार को न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस पर आ गया है। मौसम विभाग के हिसाब से आने वाले दो दिनों में यह तापमान 2 से 3 डिग्री सेल्सियस और नीचे चला जाएगा। इस हिसाब से ठंड और बढ़ेगी। इस हालात में जिला प्रशासन ने एलर्ट भी जारी कर दिया है। यहां हालात ऐसे हैं कि लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ने लगा है। जिसकी वजह से अस्पतालों में सर्दी, खांसी और बुखार पीड़ितों की संख्या सबसे ज्यादा हो गई है।

अस्पतालों में जांच के लिए लगीं कतारें



### गली-मुहल्ले के प्राइवेट क्लीनिक फुल

सरकारी अस्पतालों से अधिक सीजनल बीमारी के मरीज गली-मुहल्लों में खुले प्राइवेट क्लीनिकों में पहुंच रहे हैं। जिले में ऐसे 3 हजार से ज्यादा क्लीनिक हैं जहां सर्दी, खांसी और बुखार जैसी बीमारी को लेकर बड़ी भीड़ जुटने लगी है। ज्यादातर ये क्लीनिक श्रमिक बस्तियों व गांवों में चल रहे हैं।

### बचाव के लिए जारी किए दिशा-निर्देश

जिले में बढ़ती ठंड और शीत लहर के गंभीर स्वास्थ्य प्रभावों को देखते हुए, जिला प्रशासन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजन की सुरक्षा के लिए आवश्यक एहतियाती कदम उठाने हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। शीत लहर (कोल्ड वेव्स) के कारण हाइपोथर्मिया और फ्रॉस्टबाइट जैसी गंभीर समस्याएँ हो सकती हैं। इसलिए, सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे इन निर्देशों का गंभीरता से पालन कर स्वयं को व अपने परिवार को सुरक्षित रखें।

### जिला अस्पताल

जिला अस्पताल में 60 प्रतिशत मरीज सर्दी, खांसी और बुखार जैसी बीमारी को लेकर पहुंच रहे हैं। इस अस्पताल की हर दिन सामान्य ओपीडी 550 मरीजों की है। इनमें से 330 मरीज इन सीजनल बीमारी से पीड़ित हैं। शेष 40 प्रतिशत अन्य बीमारी के मरीज यहां आ रहे हैं।

### सुपेला अस्पताल

लाल बहादुर शास्त्री सिविल अस्पताल सुपेला में ज्यादातर मरीज सर्दी, खांसी और बुखार का इलाज करवाने आ रहे हैं। यहां आम दिनों में 400 मरीज इलाज व जांच के लिए पहुंचते हैं। इनमें से 250 मरीज इन बीमारियों से ग्रसित हैं। शेष 150 मरीज अन्य बीमारी के हैं।

### सीएससी

जिले में 9 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैं। रिसाली, निकुम, उतई, अहिवारा, झीट, पाटन, धमधा, कुम्हारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की ओपीडी रोजाना 250 की है। इनमें से 125 मरीज ऐसे हैं जो सर्दी, खांसी और बुखार जैसी समस्याओं को लेकर आ रहे हैं। शेष 125 मरीज अन्य बीमारियों के हैं।

### ठंड की लहर के दौरान क्या करें?

ठंड के प्रकोप से बचाव के लिए नागरिक गर्म कपड़े पहनें। यदि कपड़े गीले हो जाएँ, तो उन्हें तुरंत बदलकर सूखे कपड़े धारण करें। विशेष ध्यान देते हुए, बच्चों और बुजुर्गों को हर समय गर्म रखें, क्योंकि वे ठंड के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं।

### शीत लहर में क्या न करें?

बिना किसी आवश्यक कार्य के ठंड में बाहर न निकलें। पतले या गीले कपड़े बिलकुल न पहनें। ठंड से राहत पाने के लिए आग के बहुत पास न बैठें, क्योंकि यह त्वचा को नुकसान पहुंचा सकता है।

### तापमान सामान्य से नीचे चला जाता है

शीत लहर एक ऐसी स्थिति है जिसमें हवा का तापमान सामान्य से काफी नीचे गिर जाता है। हवा का दबाव बढ़ जाता है, ठंडी हवाएं चलने लगती है। फ्रॉस्ट या बर्फ जमने लगती है। मौसम विभाग के अनुसार ठंड के दिनों में पारा सामान्य से 4 से 5 डिग्री नीचे आने पर शीत लहर चलती है।

### सीजनल मरीज बढ़े

इन दिनों कोल्ड वेव्स की वजह से सर्दी, खांसी और बुखार के मरीज ज्यादातर अस्पताल में आ रहे हैं। ईलाज के साथ ही मौसम से बचने की सलाह भी इन मरीजों को दे रहे हैं।

**डॉ. एके मिंज,** सिविल सर्जन जिला अस्पताल

## टोकन के लिए भटक रहे किसानों ने दिया धरना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

धान खरीदी की धीमी गति और पर्याप्त टोकन न मिलने से परेशान किसानों ने गुरुवार को धरना प्रदर्शन किया। ननकट्ठी बस स्टैंड में आक्रोशित किसानों ने धरना दिया। जिसमें जिसमें ननकट्ठी, रवेली, बोड़ेगांव, अरसनारा के अलावा आसपास के अन्य गांवों के किसान शामिल हुए।

■ ननकट्ठी, रवेलीडीह बोड़ेगांव, अरसनारा व आसपास के किसान हुए शामिल

धरने के बाद आक्रोशित किसान मुख्य मार्ग पर बैठ गए। जिसके कारण गाड़ियों का आना-जाना कुछ समय के लिए अवरूद्ध हो गया। प्रशासन की समझाइश पर किसानों ने आधा रास्ता खोल दिया। धरना-प्रदर्शन और रास्ता रोको आंदोलन में ज्वाला प्रसाद साहू, जेठूराम ठाकुर, प्रवेश कुमार, छबिलाल देवांगन, वेदराम देवांगन, अरविंद, अभिजीत अग्रवाल, विरेंद्र शर्मा, हीराराम, सरोज टंडन, घनश्याम देवांगन, अशोक कुमार, विष्णु कुमार, घनश्याम बंछोर, संजय ताम्रकार सहित अन्य किसान शामिल हुए।

### धान खरीदी की लिमिट बढ़ाने की मांग

धरना प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि किसान परेशान हैं और टोकन के लिए भटकना पड़ रहा है। धान खरीदी शुरू होने के 3 सप्ताह बाद भी धान खरीदी पूर्व वर्षों की तुलना में मात्र 30 प्रतिशत ही हो रही है। किसानों को संबोधित करते हुए संयुक्त किसान मोर्चा के रवि प्रकाश ताम्रकार ने धान खरीदी की धीमी गति के कारण किसानों को होने वाली परेशानियों की चर्चा करते हुए धान खरीदी की लिमिट बढ़ाने की मांग की। छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन के संयोजक राजकुमार गुप्त ने धान खरीदने पर सरकार के नीयत पर सवाल खड़े किए। किसानों को हृदय देवांगन, नारायण देवांगन, गोपाल सिंह सुपंथक, सनत साहू, कुंवर सिंह वर्मा, बेनलाल सिंहा एवं अन्य ने भी संबोधित किया।

## सीजी पीएससी टॉप-10 ने की सीएम विष्णुदेव साय से मुलाकात

**दुर्ग।** ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर की अगुवाई में सीजी पीएससी 2024 के टॉप-10 अभ्यर्थियों ने अपने परिजनों के साथ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने सभी का गर्मजोशी से स्वागत किया और बधाई दी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि इन अभ्यर्थियों ने कठिन परीक्षा में शीर्ष स्थान हासिल कर युवा पीढ़ी के लिए मिसाल पेश की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सुशासन की दिशा में युवाओं की भूमिका सबसे अहम है। यही कारण है कि सरकार भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता, योग्यता और क्षमता को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। देवेश प्रसाद साहू, स्वप्निल वर्मा, यशवंत कुमार देवांगन, पोलेश्वर साहू, पारस शर्मा, शताक्षी पांडेय, अंकुश बैनर्जी, श्रृष्टि गुप्ता, प्रशांत वर्मा और सागर वर्मा ने टॉप 10 में अपनी जगह बनाई है।

## 98 लाख का काम लेने के बाद नहीं किया, अमन कंस्ट्रक्शन एक साल के लिए ब्लैक लिस्टेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अहिवारा

नगर पालिका परिषद अहिवारा में अधोसंरचना मद का काम ठेकेदार अमन कंस्ट्रक्शन कंपनी को 98.53 लाख रुपए में आठ काम दिया गया था। काम को पूरा करने की अवधि तीन माह की थी। लेकिन ठेकेदार ने निर्धारित समयावधि में कार्य प्रारंभ नहीं किया। ना ही उपस्थित होकर ले-आउट लिया गया। शासन के निर्देश और पीआईसी की बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार कार्यादेश निरस्त किया गया है। ठेका कंपनी अमन कंस्ट्रक्शन को 1 वर्ष के लिये प्रतिबंधित किया गया है। सीएमओ अंकुर पांडेय ने बताया कि 15वे वत्ति आयोग मद अंतर्गत पांच कार्य केली जारी कार्यादेश में 4 कार्य समयावधि में पूर्ण ना करने पर 4 कार्य को निरस्त किया गया था। ठेका कंपनी को 1 वर्ष के लिये प्रतिबंधित किया गया था। पूर्व में अमन कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्रो से संबंधित अमन सिन्हा के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत सर्वेयर के रूप में कार्यरत थे। जिनके कार्य में अनियमितता पाई गई थी। जिसके कारण सर्वेयर के कार्य से हटाया गया। कंस्ट्रक्शन के कार्यों से पृथक रहने के लिए नर्दिशित किया गया था। उक्त फर्म के द्वारा नियत समय में कार्य नही करने पर नगर पालिका परिषद अहिवारा व शासन की आधारभूत संरचना हेतु जारी राशि से लोकहित के कार्य नही हो पाये। ऐसे फर्म के खिलाफ जल्द ही लोक नर्माण विभाग को जानकारी प्रेषित की जायेगी।

■ काम नहीं करने से अहिवारा पालिका की छवि हुई धुमिल

### ठेका कंपनी को इन कामों को करना था

नगर पालिका परिषद अहिवारा वार्ड 8 में ओवर हैड के पास गार्डन 16.72 लाख, वार्ड 12 मंगल भवन परिसर के पास पेवर लगाने 9.1 लाख, वार्ड 1 कबीर चौक से फगुंवा धीवर घर तक सीसी रोड 11.53 लाख, वार्ड 9 सौ यूनिट सड़क नंबर 08 ई में सीसी रौड 10.63 लाख, वार्ड 3 मंगल भवन में डोम भोड निर्माण 13.43 लाख, वार्ड 10 टाउनशिप मार्केट के पास डोम भोड निर्माण 11.36 लाख, वार्ड 12आरसीसी नाली निर्माण 12.46 लाख, वार्ड 13 सीसी रोड 13.39 लाख रुपए का काम किया जाना था। लेकिन अमन कंस्ट्रक्शन ठेका कंपनी ने तीन माह के अवधी में का काम पूरा नहीं किया।

## गांजा का अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ सफेमा, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अहिवारा





लंबे समय से गांजा का अवैध कारोबार करने वाले दो आरोपियों के चल अचल संपत्ति के खिलाफ सफेमा के तहत कार्रवाई की गई है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि रूआबांधा भिलाई निवासी नंदु कन्नौजिया, रोहित कन्नौजिया के पर एमनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई थी। दोनों आरोपियों व उनके परिजनों के नाम से करीब 2 करोड़ 1 लाख रुपए से अधिक कीमत की चल-अचल संपत्ति को जब्त किया है। पुलिस जांच मे पाया गया आरोपियों द्वारा संपत्ति को मादक पदार्थ के व्यापार से अवैध रूप से अर्जित किया। संपत्ति के अटैचमेंट की कार्रवाई के लिए प्रकरण को सफेमा कोर्ट मुंबई भेजा गया। पुलिस ने अब तक 4 आदतन मादक पदार्थ के सप्लायर आरोपियों के खिलाफ यह कार्रवाई किया जा चुका है। मादक पदार्थ एवं नशा के खिलाफ चलाये जा रहे ऑपरेशन विश्वास के दौरान दुर्ग पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट के आदतन आरोपी पिता-पुत्र पर कार्रवाई किया। गौरतलब हो कि नंदु कन्नौजिया, पुत्र रोहित कन्नौजिया दोनों लम्बे समय से गांजा का अवैध व्यापार कर रहे थे। पुलिस द्वारा समय-समय पर 8 से अधिक एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। बावजूद आरोपीगण चोरी छिपे लगातार मादक पदार्थ का अवैध व्यापार किया करते थे। जांच के दौरान दोनों पिता-पुत्र गांजा के अवैध व्यापार से स्वयं एवं परिजनों के नाम से करोड़ों की चल-अचल संपत्ति अर्जित किया है। जिसमें रूआबांधा स्थित बीएसपी की भूमि पर निर्मित मकान, दुकान कीमत 70 लाख रुपए ,रोहित कन्नौजिया के नाम सरस्वती कुंज रिसाली में आलीशान मकान करीब 95 लाख रुपए , पुत्री निशा कन्नौजिया के नाम से ग्राम धनोरा में भूमि व भवन कीमत 37 लाख रुपए का क्रय कर निर्माण किया जाना पाया गया। दो पहिया वाहन कीमत 1.50 लाख और विभिन्न खातों में बैंक से लाखों रूपये जमा होना पाया गया।

## आयुक्त राजीव ने खुर्सीपार क्षेत्र का किया औचक निरीक्षण

**भिलाई।** भिलाई निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने गुरुवार को जोन-4 खुर्सीपार क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निगम की आय में वृद्धि करने के उपायों, मूलभूत नागरिक सुविधाओं की स्थिति और प्रस्तावित विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। आयुक्त ने पावर हाउस बस स्टैंड के पास स्थित खाली पड़े निर्मित भवन का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को इस भवन को किसी प्राइवेट एजेंसी को किराए पर देने और किराया निर्धारित करने का निर्देश दिया, जिससे नगर निगम की आय में वृद्धि हो सके।

### पेयजल व्यवस्था और साफ-सफाई देखी

वार्ड क्रं. 51, शहीद वीर नारायण सिंह नगर में एक भवन में संचालित प्राइवेट स्कूल का भी आयुक्त ने निरीक्षण किया। आयुक्त ने वार्ड के मोहल्लों का भ्रमण कर पेयजल आपूर्ति और साफ-सफाई व्यवस्था का गहन जायजा लिया। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से संवाद किया और उनसे एसआईआर फार्म भरने से संबंधित चर्चा भी की। खुर्सीपार गेट पर प्रस्तावित रोड निर्माण स्थल का अवलोकन किया गया। आयुक्त ने उपस्थित इंजीनियरों को आवश्यक निर्देश देते हुए तत्काल प्रस्ताव तैयार कराने के लिए निर्देशित किए हैं। इस औचक निरीक्षण के दौरान अमरनाथ दुबे, जावेद अली, बालकृष्ण नायडू, हेमंत मांझी आदि मौजूद थे।

## किराए में 24 रुपए प्रति वर्गफुट की बढ़ोत्तरी, समान्य से कई गुना ज्यादा



**भिलाई।** बीएसपी से सेवानिवृत कर्मचारियों के प्रतिनिधि मंडल ने पिछले दिनों भारतीय इस्पात प्राधिकरण के अधिशासी निदेशक से मुलाकात की। इस दौरान अवगत कराया गया कि आवंटित मकान में रहने की शर्त के रूप में उन्हें एक अमानत राशि बगैर ब्याज 3 लाख से 9 या 10 लाख तक बीएसपी के पास जमा रखना पड़ता है। निर्धारित अवधि के पश्चात उन्हें किराए की राशि सामान्य किराए का बत्तीस गुना और बिजली पानी के शुल्क देने होते हैं। अभी हाल ही में इस किराए को 24 रुपए प्रति वर्ग फुट के हिसाब से बढ़ाने का निर्णय और उसे दिसंबर माह से प्रभावी बाबत एक सर्कुलर पारित हुआ। रिटेंशनधारी कर्मचारी के लिए तकरीबन सामान्य किराए से सवा सौ गुना पड़ता है। रिटेंशनधारी कर्मचारी के लिए मानसिक एवं आर्थिक बोझ डालेगा। प्रतिनिधि मंडल ने अधिशासी निदेशक केके सिंह को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। केके सिंह ने कहा कि रिटेंशन धारी का मुद्दा स्थानीय स्तर पर हुआ है। प्रतिनिधि मंडल में भारतीय जनता पार्टी जिला भिलाई की महिला मोर्चा अध्यक्ष स्वीटी कौशिक ने रिटेंशनधारी कर्मचारियों के दर्द भावनाओं को समझते हुए पारित बढ़े दर के किराए को वापस लेने और सभी निवासरत रिटेंशनधारी कर्मियों को उसी मकान को लाइसेंस में देने की बात रखी और इसे शीघ्र प्रभाव से पारित करने पर जोर दिया।

## पुरानी गंज मंडी में पेवर ब्लॉक का घटिया काम, दोबारा कराने के निर्देश

**दुर्ग।** पुरानी गंजमंडी में पेवर ब्लॉक का घटिया काम किए जाने का मामला सामने आया है। मामले में कार्य एजेंसी को नोटिस जारी किया गया है। इतना नहीं काम को दोबारा कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। महापौर अलका बाघमार की ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाते हुए गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने कहा है। मौके पर लोककर्म प्रभारी देव नारायण चंद्राकर, उपअभियंता हरिशंकर साहू मौजूद थे। मेयर ने कहा कि जब काम हो रहा था, तो अधिकारी क्या कर रहे थे, क्यों कार्य की गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यस्थल पर पहुंचकर पेवर ब्लॉक्स की गुणवत्ता, बिछाने की प्रक्रिया, लेबर की उपलब्धता और समतलीकरण की स्थिति की बारीकी से जांच की। पेवर ब्लॉक की फिटिंग, लेवलिंग, उपयोग में आ रही सामग्री की गुणवत्ता एवं कार्य की गति सभी में गंभीर अनियमितताएँ नजर आईं। कहीं पेवर ब्लॉक ठीक से दबाए नहीं गए थे, तो कहीं रेत और बेस लेयर की मोटाई मानक से कम पाई गई। इन खामियों को देखकर महापौर ने अधिकारियों और मौके पर उपस्थित ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाई।

## ट्रेनों में लगेगा फायर डिटेक्शन सिस्टम और हैंड ब्रेक इंडिकेटर

**भिलाई।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के यांत्रिक विभाग ने यात्री सुरक्षा, संचालन दक्षता और विश्वसनीयता को मजबूत करते हुए एसी कोचों में फायर डिटेक्शन सिस्टम , गार्ड वैन में हैंड ब्रेक इंडिकेटर की व्यवस्था की गई। इसमें तकनीकी सुधार सफलतापूर्वक लागू किया हैं। ये दोनों पहलें रेलवे सुरक्षा मानकों को नई ऊंचाई प्रदान करती हैं और यात्रियों के प्रति भारतीय रेल की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। फायर डिटेक्शन सिस्टम एक स्वचालित धुआं पहचान एवं अलर्ट व्यवस्था है।

### पेज 11 के शेष

### पालिका कर्मचारी से ...

बावजूद क्यों नहीं दिया गया। वही कर्मचारी ने टैंकर की उपलब्धता नहीं होने का कारण बताया जिसके उपरांत दोनों के बीच बहस के पश्चात विवाद गहरा गया और प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार गाली गलौज ओर धक्का मुक्की, मारपीट तक विवाद उत्पन्न हो गया। कर्मचारी सनत सिन्हा का कहना कि गोलू कोशले ने अश्लील गाली देते हुए उसे थप्पड़ जड़ दिया ओर देख लेने की धमकी दी। वही कोशले ने आरोप लगाया कि पानी सप्लाई की जानकारी लेने पर सनत सिन्हा बदतमीजी ओर दुर्व्यवहार करने लगा जिस पर उसे आमजनों से ऐसे ही बात करते हो कहने पर मारपीट पर उतारू हो गया। बहरहाल दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया ओर जांच करने में जुट गई।

### ग्राम बरगा में ...

पत्र वितरण के साथ ही जन-जागरूकता रैली, दीवार लेखन और घर–घर प्रचार अभियान चलाया गया। रैली में ग्राम प्रभारी कन्हैया लहरे, शिक्षक रामनारायण पटेल, शिक्षिका युक्ति साहू, स्वयंसेवी शिक्षिका दामिनी साहू एवं श्वेता साहू सहित सभी शिक्षकों ने असाक्षरों के घर पहुँचकर व्यक्तिगत रूप से प्रवेश पत्र सौंपे और परीक्षा में शामिल होने का आग्रह किया। इस अभियान में ग्राम पंचायत सरपंच नंदकुमारी ठाकुर, उप-सरपंच प्रतिनिधि कमलेश साहू, मंगतू यादव, बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं विद्यालय के बच्चे शामिल हुए। जनप्रतिनिधियों से अपील की गई कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के असाक्षरों को प्रेरित कर परीक्षा में सहभागिता के लिए सहयोग करें, ताकि "जन-जन साक्षर" मिशन को सफल बनाया जा सके।

### 20 पुरुष हितग्राहियों...

हेतु लाया गया, जहाँ विस्तृत स्वास्थ्य जांच के पश्चात 20 पुरुष हितग्राहियों का सफल नसबंदी ऑपरेशन किया गया। यह ऑपरेशन जिला सारंगढ़ से आए विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. एस.के. जायसवाल, डॉ. सत्य प्रकाश कोसरिया तथा जिला चिकित्सालय बेमेतरा की अनुभवी चिकित्सा टीम द्वारा सफलता पूर्वक सम्पन्न किया गया। सभी 20 हितग्राहियों के सफल ऑपरेशन के बाद उन्हें आवश्यक चिकित्सीय देखभाल उपलब्ध कराई गई। जिला अस्पताल की टीम तथा चिकित्सा अधिकारियों की निगरानी में सभी लाभार्थी पूर्णतः स्वस्थ पाए गए और उन्होंने संतुष्टि व्यक्त की। शासन की ओर से प्रत्येक पुरुष हितग्राही को निर्धारित 3000 प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाएगी।

### खरसिया-नया रायपुर-परमालकसा रेलवे लाइन बिछाने को लेकर हो रहा सर्वे

# मुआवजे को लेकर गाइडलाइन पर संशय, शिकायत के बाद सर्वे का काम रुका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



रेलवे परियोजना के लिए प्रस्तावित भूमि अधिग्रहण से प्रभावित पुरई के किसानों ने सर्वे करने आई टीम से मुलाकात कर अपनी समस्याओं और मांगों को प्रमुखता से रखा। किसानों के प्रबल विरोध और अधिकारियों की सहमति के बाद सर्वे कार्य को तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया है।

किसानों ने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी मांगों पर लिखित एवं स्पष्टीकरण वाला जवाब नहीं मिल जाता, तब तक सर्वे कार्य जारी रखना असंतोषजनक है। इसमें गाइडलाइन रेट पर संशय, किसानों ने 2025-2026 के नए कलेक्टर गाइडलाइन रेट की स्थिति स्पष्ट करने की मांग की। लंबे समय से लंबित सर्कल रेट अपडेट होने के बाद, कारोबारियों और दलालों के उग्र प्रदर्शन से यह डर बना हुआ है कि कहीं पुराना 2018-2019 रेट फिर से लागू न हो जाए, जो न्यायसंगत नहीं है। किसानों ने आपत्ति जताई कि समान परिस्थिति वाली दो जमीनों के मूल्य में जमीन-आसमान का अंतर होना संविधान के आर्टिकल 14 (समानता का अधिकार) का उल्लंघन है। किसानों ने मांग की कि रेलवे अधिग्रहण में भी वर्ग मीटर में मूल्यांकन किया जाए। पहले भारतमाला परियोजना में मुआवजे का निर्धारण किया जा चुका है। पुरई में तो वर्ग मीटर(सड़क से लगे हुए जमीन की) का मूल्य पहले से भी कम कर दिया गया है, जो सरकार की अन्यायपूर्ण मंशा को दर्शाता है। किसानों ने शांतिपूर्ण ज्ञापन सौंपने पर उनके खिलाफ बलवा एवं सड़क अवरोध जैसी धाराएं लगाए जाने पर आपत्ति दर्ज कराई गई। किसानों ने तत्काल एक दिन पूर्व मुनादी (सार्वजनिक घोषणा) कराने पर आपत्ति जताई और मांग की कि कम से कम एक सप्ताह पहले मुनादी कराई जाए ताकि बाहर गए हुए किसान भी अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कर सकें। बता दें कि 14 गांवों में सर्वे किया जाना है। रकबा और खसरा नंबर का निर्धारण पहले ही किया जा चुका है।

# राज्यपाल गोद ग्राम टेमरी में स्वच्छता पर हुई बैठक में ओडीएफ प्लस बनाने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत ग्राम स्तर पर स्वच्छता को सुदृढ़ करने एवं ग्रामीणों को स्वच्छ एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका के गोद ग्राम टेमरी में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में राज्य सलाहकार, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अभिलाषा आनंद ने स्वच्छाग्रही समूह, ग्राम पंचायत के पंच-सरपंच, सचिव एवं ग्रामीणों के साथ ग्राम में संचालित विभिन्न स्वच्छता गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई। आनंद ने स्वच्छता व्यवहार परिवर्तन, अपशिष्ट प्रबंधन और ग्राम को स्वच्छ एवं ओडीएफ प्लस प्लस बनाने कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं बल्कि जनभागीदारी से चलने वाला सतत प्रक्रिया है। उन्होंने ग्रामीणों को कई बिंदुओं पर विशेष रूप से जागरूक किया।

बैठक के दौरान ग्रामीणों ने भी अपने सुझाव साझा किए तथा ग्राम को मॉडल स्वच्छ ग्राम बनाने का संकल्प लिया। अभिलाषा आनंद ने उपस्थित सभी स्वच्छाग्रहियों और पंचायत प्रतिनिधियों को स्वच्छता के क्षेत्र में सतत प्रयास करने और शासन की नीतियों को प्रभावी ढंग से लागू करने की अपील की।



### ग्राम में स्वच्छता सुधार के लिए दिए गए प्रमुख निर्देश

घर स्तर पर गीला और सूखा कचरा पृथक्करण प्रत्येक घर में दो डस्टबिन का उपयोग कर कचरा अलग-अलग रखने का आग्रह किया गया। गीले कचरे से खाद निर्माण हर घर में खाद गड्ढे बनाकर जैविक कचरे से कम्पोस्ट तैयार करने पर जोर दिया गया। घर से निकलने वाले पानी के निपटान हेतु सोख्ता गड्ढे बनाने की आवश्यकता बताई गई ताकि गंदे पानी का बहाव खुले में न हो। बर्तन बैंक की स्थापना ग्राम स्तर पर बर्तन बैंक शुरू कर डिस्पोजेबल सामानों के उपयोग पर रोक लगाने का सुझाव दिया गया। प्लास्टिक कचरे से ईको ब्रिक्स बनाना प्लास्टिक के सही निपटान और पुनर्चक्रण को बढ़ावा देने हेतु ईको ब्रिक्स निर्माण पर चर्चा हुई। प्लास्टिक जलाने पर रोक पर्यावरण संरक्षण के लिए प्लास्टिक को न जलाने की शपथ दिलाई गई। टीपादान तैयार कर डस्टबिन निर्माण स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों का उपयोग कर टिकाऊ डस्टबिन बनाने के लिए प्रेरित किया गया। घर-घर से सूखा कचरा नियमित संग्रहण सफाईकर्मियों द्वारा समयबद्ध संग्रहण प्रणाली को मजबूत करने की बात कही गई। ग्रामीणों में व्यवहार परिवर्तन एवं स्वच्छता शिक्षा स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं स्वच्छाग्रही समूहों के माध्यम से निरंतर जागरूकता गतिविधियों को बढ़ाने पर बल। नाली सफाई, सामुदायिक शौचालयों का रखरखाव और जलभराव रोकथाम पर भी विशेष दिशा-निर्देश दिए गए।

## खबर संक्षेप

### प्राथमिक शाला पोलमी ने अपार आईडी कार्य 100 प्रतिशत पूरा किया



**कुईकुकदूर।** विकासखंड पंडरिया के संकुल पोलमी अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला पोलमी ने शासन के महत्वपूर्ण कार्य अपार आईडी को 100 प्रतिशत पूर्ण करते हुए कुल 138 बच्चों के अपार आईडी जनरेट कर लिए हैं। इस उपलब्धि में सहायक शिक्षक मनोहर लाल घृतलहरे का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने स्वयं के खर्च से 10 बच्चों के नए आधार कार्ड बनवाए और 20 बच्चों के जन्म प्रमाणपत्र व आधार अपडेट करवाए। वही प्रधान पाठक भरतलाल यादव, तथा शिक्षक घनश्याम कश्यप, हीरालाल धुर्वे और फिरतराम धुर्वे ने भी पूरा सहयोग दिया। इस कार्य से चांदनी, ललिता, कामिनी, यशोदा, अनुष्का, आदित्य, युवराज, अशोक, जगतराम, नितेश सहित सभी विद्यार्थियों को लाभ मिला है।

### धान काटने के बाद फिर से धान की पैदावार करने जुटे किसान



**बरबसपुर।** ग्रामीण अंचलों में इन समय धान की कटाई जोरों से चल रहे हैं जानकारी के अनुसार धान की कटाई मिसाई करने के बाद अब ग्रामीण अंचलों के किसानों ने फिर से धान की फसल पैदावार करने जुट गए हैं किसान खेतों में बोर पम्प के माध्यम से खेतों की सिचाई कर हल व ट्रैक्टर चलाकर तथा कोपर मारकर धान के बीज को अंकुरित कर खेतों में बुआई करने जुटे हुए है ताकि गर्मी के समय में धान की फसल की पैदावार हो सके कि सिंघनपुरी बरबसपुर जेवडन खुर्द राम्हेपुर कला सारंगपुर के किसानों ने धान काटने के बाद अब फिर से दोबारा धान की पैदावार करने लगे हैं खेतों में धान की अंकुरित बीज को बो रहे हैं ताकि गर्मी के समय पर धान की फसल अच्छे पैदावार हो सके उन्होंने बताया कि जिस तरह बरसात के दिनों धान की रोपाई किया जाता है लेकिन धान की कटाई अक्टूबर, नवंबर, दिसंबर में होता है और धान खरीदी केंद्र में समर्थन मूल्य में बेचा जाता है इस तरह गर्मी के दिनों में भी धान की फसलों को समर्थन मूल्य में राज्य सरकार को खरीदना चाहिए ताकि किसानों की आमदनी दुगुनी हो सके।

### परिवहन सुविधा केन्द्रो की अस्थायी चयन सूची जारी

**कवर्धा।** जिला परिवाहन अधिकारी ने परिवाहन सुविधा केन्द्रो की अस्थायी चयन सूची जारी कर दी है 28 आवेदन प्राप्त हुए थे। 9 आवेदकों को अस्थायी रूप से चयनित किया गया है दावा -आपत्ति 17 दिसंबर शाम 5.30 तक कर सकते है।

## निधन

### निधन संबतिया बाई

**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कोलेगांव की निवासी श्रीमती समबतिया



बाई, पत्नी स्वर्गीय गौतरीहा साहू, का गुरुवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे ग्राम के सक्रिय सामाजिक परिवारों में से राम अवतार साहू की माता थीं। गुरुवार को उनके निधन की सूचना मिलते ही गांव में शोक की लहर फैल गई। परिजनों और ग्रामीणों की उपस्थिति में उनका अंतिम संस्कार कोलेगांव के मुक्तिधाम में संपन्न हुआ। अंतिम यात्रा में गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ग्रामीण जन पहुंचे और श्रद्धांजलि अर्पित की।

### पूर्व विधायक छाबड़ा का औचक निरीक्षण, बोरा तौल और हमाली चार्ज पर घेरा

# आनंदगांव, हसदा व टकसीवा सोसायटी में तौल में असमानता उजागर, किसानों को भारी नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

धान खरीदी व्यवस्था में लगातार मिल रही गड़बड़ियों की शिकायतों के बाद जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने मंगलवार को बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के आनन्दगांव, हसदा एवं टकसीवा सोसायटी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान व्याप्त अव्यवस्थाओं को देखकर उन्होंने सरकार पर तीखा हमला बोला। पूर्व विधायक छाबड़ा ने कहा कि भाजपा सरकार को किसानों की कोई चिंता नहीं है।

यह सरकार केवल पूंजीपतियों के लिए काम कर रही है। किसान किस हाल में हैं, कौन-सी परेशानी झेल रहे हैं इससे सरकार और उसके जनप्रतिनिधियों को कोई मतलब नहीं। निरीक्षण के दौरान कई किसानों ने छाबड़ा के समक्ष शिकायत रखी कि अलग-अलग सोसाइटियों में प्रति बोरा 40 किलो 700 ग्राम तो कहीं 40 किलो 200 ग्राम तौलाई की जा रही है। इससे प्रति बोरा लगभग 500 ग्राम का अंतर पड़ रहा है, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों ने बताया कि धान खरीदी में तौल में मनमानी, धान की ढुलाई व तौलाई में पारदर्शिता का अभाव और वजन में असमानता जैसी गड़बड़ियां धड़ल्ले से की जा रही हैं। ललित विश्वकर्मा, रवि परगनिहा, नेतराम निषाद, चंद्र विजय धीवर, विनोद परगनिहा, चंद्रशेखर परगनिहा, मनोज शर्मा, सुमित राजपूत, कृष्णा चतुर्वेदी, लोकनाथ यादव सहित अनेक किसान मौजूद रहे।



**हमाली चार्ज भी काट रही सोसायटीः**

किसानों ने यह भी बताया कि शासन द्वारा हमाली का खर्च स्वयं वहन किया जाना तय है, फिर भी कई सोसाइटियों में अवैध रूप से हमाली चार्ज काटा जा रहा है, जिसे छाबड़ा ने सरासर किसानों के साथ लूट बताया।

### कलेक्टर से करेंगे शिकायत

पूर्व विधायक ने कहा कि वे इस विषय पर तत्काल जिला कलेक्टर से चर्चा करेंगे और पूछेंगे कि अलग-अलग तौल क्यों की जा रही है? सभी केन्द्रों में एकरूपता क्यों नहीं है? उन्होंने कहा कि किसानों को न्याय दिलाने के लिए वे हर स्तर पर संघर्ष करेंगे। छाबड़ा ने यह भी कहा कि भाजपा सरकार लगातार तीसरे वर्ष भी 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से ही खरीद रही है, जबकि इस अवधि में एमएसपी में कई बार वृद्धि की जा चुकी है। सरकार किसानों को बढ़ी हुई कीमत का लाभ देने से पीछे हट रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने वादों से मुकर रही है। किसानों और आम जनता को अब साफ दिखने लगा है कि भाजपा सरकार की कथनी और करनी में जमीन-आसमान का अंतर है। यह जुमलों की सरकार है, जिसे जनता की समस्याओं से कोई मतलब नहीं।

## ग्राम पंचायत तेलिया पानी लेदरा में पुस्तक कॉपी वितरण की गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोलेगांव

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम योजना का शुभारंभ भारत सरकार द्वारा किया गया था जिसका उद्देश्य ऐसे असाक्षर व्यक्ति को शिक्षा में शामिल किया जाना है जिनकी उम्र 15 वर्ष सबसे अधिक हो वह कुछ कारण शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह गए थे। ऐसे लोगों को ग्राम पंचायत-वार्ड के स्थाई स्वयंसेविय शिक्षकों के माध्यम से प्रत्येक दिवस 20 घंटे की कक्षा संचालित कर 200 घंटे तक संख्यात्मक तथा अंक ज्ञान दिया गया। अब इन असाक्षरों की परीक्षा आगामी 07 दिसंबर 2025 को राष्ट्रीय व्यापी परीक्षा महा अभियान के पूरे राज्य में किया जाना है। इसी संबंध में भारत सरकार के इस योजना का सफल संचालन हेतु विकासखंड पंडरिया, जिला कबीरधाम छत्तीसगढ़ को निर्धारित लक्ष्य 11302 प्राप्त है। इस प्राप्त लक्ष्य हेतु ग्राम पंचायत तेलिया पानी लेदरा आश्रित ग्राम चकमकटोला, टिंगड्डा,अंजवाइन बाह के निरक्षर को साक्षर बनाने के लिए ग्राम प्रभारी एवं वीटीएस के द्वारा असाक्षरों को पुस्तक एवं कॉपी वितरण कर पढ़ाया जा रहा है। ग्राम पंचायत तेलियापानी लेदरा में दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र एवं दूर-दूर बसा टोला होने के कारण दो परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जिसमे शासकीय प्राथमिक शाला तेलिया पानी लेदरा का केंद्रा अध्यक्ष नानुक लाल धुर्वे जिसमें 50 शिक्षार्थी शामिल होंगे। शासकीय प्राथमिक शाला चकमकटोला का केंद्रा अध्यक्ष मनोज कुमार निर्मर जिसमें 50 शिक्षार्थी शामिल होंगे ग्राम पंचायत तेलियापानी लेदरा में कुल 100 शिक्षार्थी है। इस कार्य को सफल बनाने में ग्राम पंचायत में नियुक्त विटीएस एवं ग्राम प्रभारी तथा ग्राम के बुजुर्ग उपस्थित थे।

## कुंडा महाविद्यालय में एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम एवं रैली आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुण्डा

विश्व एड्स दिवस के अवसर पर शासकीय नवीन महाविद्यालय कुंडा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और समुदाय को एड्स से बचाव, इसके लक्षण और जागरूकता के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ ऋचा मिश्रा ने किया। इसके बाद महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष परषोत्तम निर्मलकर ने छात्र-छात्राओं को एड्स के कारण, लक्षण और रोकथाम के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी उन्होंने बताया कि एड्स से लड़ने का सबसे बड़ा हथियार जागरुकता है। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगोली, पोस्टर




प्रदर्शन एवं जागरूकता रैली के माध्यम से सेफ लाइफ-सेव लाइफ का संदेश दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती जिज्ञासा पात्रे ने किया एवं डॉ पूर्णिमा साहू ने कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में रमन खनूजा सदस्य जनभागीदारी समिति, दिव्या भारती, गुलाबा धृतलहरे, केशव जायसवाल, झगर साहू, पूनम बैस, माया भास्कर, गुलशन चन्द्राकर, अनिता देवांगन, विकास जोशी, रामचन्द्र कुम्भकार, महेश कोशरिया, सौरभ धावलकर, अंजू रजक सहित समस्त प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्रायें उपस्थित थे।

## हाई स्कूल जंगलपुर के प्राचार्य बने प्रफुल्ल बिसेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पण्डरिया

पंडरिया कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के अध्यक्ष एवं शिक्षक प्रफुल्ल बिसेन ने विगत 28 नवम्बर को पंडरिया विकासखण्ड के शासकीय हाई स्कूल जंगलपुर में पदोन्नति पश्चात प्राचार्य पद पर पदभार ग्रहण किये। कुशल नेतृत्व क्षमता के साथ ही बहुत सरल, सहज, हंसमुख और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी बिसेन ने अपना शिक्षकीय जीवन सहायक शिक्षक के पद से शुरुआत की।

सर्वप्रथम धमतरी जिला उसके बाद मध्य प्रदेश के खंडवा जिला में पदस्थ रहे। पृथक छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद कबीरधाम जिला में इनकी नियुक्ति 2002 मे हुई, तत्पश्चात उच्च वर्ग शिक्षक से प्रधान पाठक और इसके बाद प्राचार्य पद पर बिसेन का प्रमोशन हुआ। इन्होंने संघर्ष पूर्वक शिक्षकीय जीवन के दौरान अपने निष्ठापूर्वक कर्तव्य निर्वहन, मृदूभाषी व्यवहार से सदैव एक पहचान बनायी है। कर्मचारी संगठन में भी बिसेन काफी सक्रिय रहते हैं। प्राचार्य पद पर प्रमोशन होने से कर्मचारी जगत में काफी हर्ष का माहौल है। शासकीय हाईस्कूल जंगलपूर के सभी छात्र छात्राएं भी अपने नये प्राचार्य को पाकर बहुत उत्साहित व प्रसन्न हैं। बिसेन के शुभचिंतकों को पूर्ण विश्वास है कि पूर्व की भांति अपनी मेहनत, निपूणता, कुशलता और अद्भुत नेतृत्व क्षमता के साथ उत्तरोत्तर सफलता के आयाम प्राप्त करते हुए अपनी संस्था को उत्कृष्ट बनायेंगे। बिसेन के साथ ही



कबीरधाम जिले में 65 लोगों का शिक्षक से प्राचार्य के पद पर प्रमोशन हुआ है जितने भी हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल में प्राचार्य का पद रिक्त तथा वहां पर सभी जगह प्राचार्यों की नियुक्ति होने से शिक्षा व्यवस्था में सुधार एवं मजबूती आएगी। शासन की मंशा के अनुरूप शिक्षा में गुणवत्ता एवं शैक्षिक दृष्टि से काफी सुधार आने की उम्मीद है। बिसेन को कर्मचारी नेता दीपक ठाकुर, अर्जुन चंद्रवंशी, संतोष साहू, शत्रुघ्न डड़सेना, संतोष सोनी एवं अन्य सभी शिक्षा विभाग के कर्मचारियों के साथ साथ सभी स्वजनों द्वारा उनकी पदोन्नति पर उन्हें बधाई दी गई।

### जनहित व किसान हित में सड़क की लड़ाई लड़ेगी किसान कांग्रेस : रवि चंद्रवंशी

# कवर्धा जिला किसान कांग्रेस कार्यकारिणी का विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पण्डरिया

जिला सहित पूरा छत्तीसगढ़ किसानों का गढ़ है, जहां किसानों के अधिकारो के लिए किसान संगठन सदैव सड़क की लड़ाई लड़ने तैयार रहते है इसी उद्देश से छत्तीसगढ़ में किसान हितैषी व वर्तमान मुख्य विपक्षी कांग्रेस पार्टी द्वारा अपने किसान संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत किया जा रहा है, शीर्ष नेतृत्व द्वारा कुछ दिन पहले कवर्धा जिला किसान कांग्रेस की कमान युवा किसान नेता रवि चन्द्रवंशी को सौंपी गई थी, जिसके द्वारा आज अपनी ज़िला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है। किसान कांग्रेस जिलाअध्यक्ष रवि चंद्रवंशी ने बताया कि मुझे पार्टी द्वारा किसानों की आवाज़ बनकर उनके अधिकारो के लिए लड़ने की जवाबदारी एक किसान प्रहरी के रूप में सौंपी गई है, जिसके लिये ज़िला स्तर पर जिला कार्यकारिणी और ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्तिया की गई है, हम सब मिलकर आने वाले समय में किसानों के अधिकारो के लिए सड़क की लड़ाई लड़ेगे। चन्द्रवंशी ने आगे कहा कि वर्तमान भाजपा की सरकार में किसान वर्ग ही सबसे ज़्यादा परेशान है, किसानों का धान नहीं खरीदने के इरादे से आज भाजपा सरकार सैकड़ो नियम कानून बनाकर किसानों को धान बेचने से रोकने का प्रयास कर रही है, विष्णुदेव साय सरकार की इस सोच को किसान कांग्रेस कभी पूरा होने नहीं देगी।किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष रवि चन्द्रवंशी ने ज़िला कार्यकारिणी विस्तार के संबंध में बताया कि उनकी टिम में 7 ब्लॉक अध्यक्षों सहित 40 जिला पदाधिकारीयो को जगह दी गई है जिसमें कवर्धा ब्लॉक अध्यक्ष रमेश साहू, पंडरिया ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश पटेल,कुंडा ब्लॉक अध्यक्ष कृष्णा बंजारे,बोडला ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र धुर्वे,लोहारा ब्लॉक अध्यक्ष हेमलाल साहू,ठाठापुर(रामपुर)ब्लॉक अध्यक्ष दीक्षित वैष्णव व रेंगखार ब्लॉक अध्यक्ष की जवाबदारी लेखराम पंचेश्वर को सौंपी गई है साथ ही मीडिया प्रभारी के रूप में विनोद जायसवाल को नियुक्त किया गया हैं। कार्यकारिणी में जला उपाध्यक्ष के रूप में कन्हैया यादव, धनिराम चन्द्रवंशी, शिवेंद्र वर्मा, संतोष साहू, सालिनी लहरे, गोविंद वैष्णव, महामंत्री के रूप में रामदास पटेल, चेतन वर्मा, शिवकुमार तिवारी, उत्तर चंद्राकर, जलेश बघेल, राजकुमारी बरमन व जलेश धुर्वे को नियुक्त किया गया है साथ ही ज़िला महासचिव व सचिव के रूप में 14-14 कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को पदाधिकारी बनाया गया है।




## धान खरीदी केंद्र परिसर में हैंडपंप नहीं, पानी के लिए भटक रहे किसान

**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया की ग्राम कोलेगांव के धान खरीदी केंद्र अंतर्गत ग्रामीण बसनी घोरपेंड्री खैलटुकरी रेहुटा सूरजपुरा कोलेगांव के किसान के द्वारा अपने धान को बेचने के लिए खरीदी केंद्र आते हैं लेकिन किसानों को धान खरीदी केंद्र के परिसर में हैंडपंप नहीं होने के कारण दूर-दूर से आए हुए किसानों को पानी पीने के लिए मजबूर होकर दूसरे जगह जाना पड़ता है। इसलिए शासन-प्रशासन तत्काल किसान की समस्या को देखते हुए एक नया हेडपंप बोर खनन किया जाए ताकि किसानों को दूसरे जगह पानी पीने के लिए जाना ना पड़े और पर्याप्त मात्रा में किसानों की सुविधा के लिए हैंडपंप खनन किया जाए और साथ-साथ धान खरीदी केंद्र कोलेगांव में अंदर परिसर मैदान कार्यालय तक जाने के लिए सीसी रोड नहीं है जिसके लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है जब अचानक बे मौसम बारिश होता है तब ट्रैक्टर ट्राली किसी प्रकार का वाहन नहीं पहुंच पाता काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है इसलिए शासन प्रशासन इन समस्याओं को देखते हुए तत्काल बोर खनन के साथ-साथ 100 मीटर सीसी रोड भी बनाया जाए ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना करना ना पड़े अपने वाहन धान खरीदी मैदान एवं केंद्र कार्यालय तक ले जाने के लिए शासन-प्रशासन से मांग करते हैं कि जल्द से जल्द इन समस्याओं को देखते हुए इन मांगों को संज्ञान में लिया जाए।

